तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज वाद सं. 40/2018 पृथ्वीपाल सिंह बनाम सरपंच ग्राम पंचायत वगै.	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म तामिल में जारी हुये
09.02.22	पत्रावली पेश हुई। वकील वादी हाजिर। तहसीलदार सरवाड़ से मौका रिपोर्ट प्राप्त जो शामिल मिसल हो। प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी का मकान ग्राम फतहगढ़ में स्थित है जिसके लगवा पूर्वी दिशा में गहरा खड्डा है जिसमें बरसाती पानी भर जाता है तथा ग्रामीणजन द्वारा उक्त खड्डे में गंदगी डालने से कई बीमारियां उत्पन्न होने की आशंका है एवं गंदे पानी में जहरीले जानवर, मक्खी मच्छर उत्पन्न हो जाते है जिससे आसपास रहने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जिसका निवारण किया जाकर उक्त खड्डे को समतल किया जाना आवश्यक है। प्रकरण में प्राप्त तहसीलदार रिपोर्ट अनुसार वादवर्णित भूमि ख.नं. 1139 राजस्व रिकार्ड में ग्राम पंचायत फतहगढ़ के नाम दर्ज है। जहां वर्तमान में गहरा गड्डा बना हुआ है जिसमें कीचड़ भरा हुआ है। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज एवं तहसीलदार सरवाड़ द्वारा प्राप्त मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। चूंकि वर्तमान में गड्डे में कीचड़ भरा होने से लोक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की पूर्ण संभावना है। अतः प्रार्थी का परिवाद स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी सं. 1 व 2 को प्रार्थी के मकान के लगवा वादवर्णित खड्डे को समतल किया जाने हेतु पाबंद किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी सरवाड़	

Signature Not Verified

Digitally signed by Taramati Vaishnava
Date: 2022.03.14 12:32:35 IST
Reason: SelfAttested